RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 19 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 207 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पश्चिम उपनगर के 50 ब्रिज की होगी मजबूती

# मनपा मरम्मत पर खर्च करेगी 41 करोड़ !





**मुंबई :** पश्चिम उपनगर के 50 ब्रिजो को मरम्मत मनपा करेगी। ब्रिज के मरम्मत पर मनपा प्रशासन लगभग 41 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मनपा ब्रिज की सुरक्षा को लेकर हर 6 माह में ब्रिज का स्ट्रक्ररल ऑडिट किया जा रहा है। बता दे कि वर्ष 2018 में अंधेरी के गोखले ब्रिज की दुर्घटना होने के बाद और उसके बाद मुंबई के कई अन्य ब्रिज का क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद मनपा प्रशासन ने ब्रिज का हर 6 माह में स्ट्रक्ररल ऑडिट करने का निर्णय लिया। अंधेरी गोखले ब्रिज गिरने की घटना 3 जुलाई 2018 को घटी थी उसके बाद 14 मार्च 2019 को सी एस टी एम स्थित हिमालय ब्रिज गिर गया ।दोनो ही ब्रिज के दुर्घटना होने में लगभग 9 लोगो की जान चली और 50 से अधिक लोग जख्मी हुए।मनपा प्रशासन ने इसी घटना के बाद ब्रिज का समय समय पर स्ट्रक्ररल ऑडिट करने का निर्णय लिया गया। ब्रिज की सुरक्षा को लेकर मनपा प्रशासन थोड़ा ज्यादा ही चौकन्नी हुई है।मुंबई के कुल 344 ब्रिज का स्ट्रक्ररल ऑडिट कर छोटी मोटी दुरुरस्त करने का काम को किया जा रहा है और जिन ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाया जाना है उसे तोड़कर नया निर्माण करने का निर्णय लिया जा रहा है।मनपा ने एस जी सी कंसल्टांसी सर्विस को ब्रिज का स्ट्रक्ररल ऑडिट करने के लिए नियुक्त किया है।एस जी एस की रिपोर्ट के अनुसार तीन विभाग के ब्रिज का बड़े पैमाने और छोटी मोटी दुरुस्ती की जाएगी।यह मरम्मत कार्य 12 महीने में पूरा किया जाएगा।

### इन इलाको में होगी ब्रिज का मरम्मत कार्य

मालाड पी उत्तर वार्ड 16 ब्रिज
गोरेगांव पी दक्षिण वार्ड 21 ब्रिज
अंधेरी के पश्चिम वार्ड 13 ब्रिज

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव

### पुलिस कर रही मामले की जांच



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण में रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का आधा जला हुआ शव मिला। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। तिलक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शव शहर के पत्री पूल के पास से बरामद किया गया और बाद में इसे पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने कहा, रेलवे पुलिस की गश्ती टीम को रेलवे पटरियों के करीब झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का आंशिक रूप से जला हुआ शव मिला, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष लगती है।

उन्होंने बताया कि पुलिस को संदेह है कि पीड़ित की किसी ने हत्या कर दी और फिर शव को आग लगाकर सबूत नष्ट करने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा, डोंबिवली के आसपास के पुलिस स्टेशनों को उनके पास दर्ज गुमशुदा व्यक्तियों की रिपोर्ट देखने के लिए कहा गया है ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

## नवी मुंबई के अस्पताल में बीमा राशि को लेकर बड़ी धोखाधड़ी...




**ठाणे :** नवी मुंबई के अस्पताल में धोखाधड़ी के आरोप में दंपति समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। नवी मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक खारघर के एक अस्पताल के थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) विभाग में कार्यरत थी। जबकि अन्य व्यक्ति में उसका पति और एक सहयोगी शामिल हैं। सभी पर धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया गया है। नवंबर 2022 से इस साल अप्रैल के बीच अस्पताल के टीपीए विभाग में काम करने के दौरान आरोपी महिला ने मरीजों के बीमा दावों से संबंधित धन का दुरुपयोग किया। खारघर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, आरोपियों ने कथित तौर पर कुल 8.25 लाख रुपये की हेराफेरी की है।'

## शर्मसार हुई इंसानियत !

### नालासोपारा में हैवान बाप ने अपनी ही बेटी से किया बलात्कार...



**पालघर :** महाराष्ट्र से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार यहां के पालघर के नालासोपारा से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक जघन्य मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक हैवान पिता ने ट्यूबरक्लोसिस से पीड़ित अपनी ही बेटी को पहले बंधक बनाकर अपने घर में रखा और उसके साथ बड़े ही हैवानियत और क्रूरता के साथ दुष्कर्म किया। वहीँ बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान इस अभागी बेटी की मौत भी हो गई। इधर शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ क्ढउ की धारा 376(एन), 354(ए), 342, 322, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले पर नालासोपारा पुलिस ने जाकारी दी कि पालघर जिले के नालासोपारा में एक आरोपी पिता ने ट्यूबरक्लोसिस से पीड़ित अपनी बेटी को बंधक बनाकर अपने घर में रखा और उसके साथ बेरहमी से दुष्कर्म किया। वहीँ बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान बेटी की मृत्यु हो गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ क्ढउ की धारा 376(एन), 354(ए), 342, 322, 323,504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जाँच जारी। घटना पर और विवरण का इंतजार है।






## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### यात्रीगण ध्यान दें...

अगले तीन-चार वर्षों में हर यात्री को कन्फर्म टिकट देने की योजना को लेकर अगर रेलवे सचमुच गंभीर है तो यह अच्छी बात है। रेल मंत्री की ओर से मीडिया को दी गई सूचनाओं के मुताबिक न केवल देश की तमाम कोच फैक्ट्रियों में दिन-रात काम किया जा रहा है बल्कि ट्रेन की स्पीड बढ़ाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पर्व-त्योहारों के कारण रेलगाड़ियां ठसाठस भरी हुई हैं और लोग अमानवीय हालात में यात्रा करने को मजबूर हैं। और, यह कोई नई या अनोखी बात नहीं। गर्मी की छुट्टियों या त्योहारों के आसपास ऐसे दृश्य अक्सर दिख जाते हैं। साफ है कि ट्रेन आज भी अपने देश में आम लोगों की यात्रा का सबसे सरल और सहज साधन है। ऐसे में रेलवे को सबके लिए सुलभ, आसान और सुविधाजनक बनाना एक ऐसा लक्ष्य है, जो हर सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। मगर सचाई यह है कि प्रायः सभी सरकारें इसे चलताऊ ढंग से लेती रही हैं। ऐसे में जब रेलवे की ओर से इतने बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने की बात आई है तो इसका स्वागत करते हुए भी यह नहीं भुलाया जा सकता कि यह बेहद कठिन है। इसके लिए न केवल ट्रेनों की संख्या में भारी इजाफा करना होगा बल्कि रेल पटरियों का भी अप्रत्याशित तेजी से विस्तार करना होगा।

हालांकि रेलवे की इस योजना पर एक गौर करने से यह जरूर साफ होता है कि इसमें मौजूदा स्थिति और टारगेट के बीच के अंतर पर अच्छी तरह से विचार किया गया है। ऐसे में सवाल सिर्फ यह है कि इस अंतर को भरने की दिशा में पर्याप्त तेजी दिखाई जा सकेगी या नहीं। यानी अगर तय लक्ष्य तक चार साल में पहुंचना है तो इस बीच हर साल 4000-5000 किलोमीटर की नई पटरियां बिछाई जा सकेंगी या नहीं। ट्रेनों की संख्या के मामले में यह हिसाब ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आता है। चार साल में 3000 नई ट्रेनें शुरू करने का मतलब है रोज दो नई ट्रेनें शुरू करनी होंगी। देखना होगा कि यह सिलसिला कितनी जल्दी शुरू होता है और कब तक चलता है। ऐसे ही रेलवे ने हिसाब लगाया है कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा करना होगा ताकि सफर का वक्त कम बचे। गाड़ियों के ठहरने और गति पकड़ने का टाइम पुल और पुश टेक्नॉलजी के जरिए बचाया जा सकता है और कहते हैं कि उस पर काम भी हो रहा है। मगर दो दिन पहले आई एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल देश में ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के बजाय पांच किलोमीटर प्रति घंटा कम हो गई। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि रेलवे की यह नई योजना चुनावी सब्जबाग का हिस्सा न हो, इसे ठोस रूप में अमली जामा पहनाया जाए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भिवंडी में पहाड़ियों की चोटी बना पर्यटनस्थल... घट सकती है बड़ी दुर्घटना!

## पहाड़ी पर लोगों ने घूमने टहलने के साथ बनाया सेल्फी पॉइंट, प्रशासन बना मूक दर्शक

मुस्तकीम खान

**भिवंडी :** भिवंडी के कामतघर रोड पर स्थित वडाला देवी तालाब के सामने की पहाड़ी को इन दिनों स्थानीय लोगों ने पर्यटनस्थल बना रखा है।जिस पर जाने आने का रास्ता न होने के बावजूद जनता जान जोखिम में डालकर उस पर न सिर्फ चढ़ते है बल्कि खतरनाक सेल्फी तक खींचते है।इस कारण इस पहाड़ी पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद पुलिस व मनपा प्रशासन इस मामले को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।जो स्थानीय लोगों में चिंता का कारण बना हुआ है। भिवंडी के समाजसेवक अब्दुल गनी खान ने बताया कि स्थानीय मानसरोवर, बी एन एन कॉलेज के पीछे, साठे नगर व अंजुरफाटा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई पहाड़ीयां है। जिसको ठेके



पर देकर जिलाधिकारी द्वारा उत्खनन कराया गया है।लेकिन इन पहाड़ियों को शहरियों ने इन दिनों पर्यटन स्थल बना रखा है।उन्होंने बताया कि वडाला देवी मंदिर के सामने की पहाड़ी पर चढ़ने का कोई रास्ता नहीं है।बावजूद स्थानीय लोग जान हथेली पर लेकर किसी तरह पहाड़ी पर सैर सपाटे के लिए चढ़ जाते है।जिसमे महिला, बच्चों के साथ युवाओं का तादात ज्यादा होती है।पहाड़ियों को युवाओं ने न सिर्फ लवर प्वाइंट बना रखा है।बल्कि ऊपर पहुंचने के बाद लोग जान जोखिम में डालकर खतरनाक सेल्फी भी बेखौफ होकर लेते है।इतना ही नहीं रास्ते के अभाव के बावजूद इस पहाड़ी पर मजार भी बना लिया गया है।हैरत की बात यह है कि इस पहाड़ी पर सैलानियों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है।जिसके कारण कभी भी पहाड़ी पर घूमने के लिए जाने वाले स्लिप होकर नीचे गिरने की घटना घट सकती है।इतना ही नहीं समाजसेवक गनी खान ने आरोप लगाते हुए बताया है कि प्रशासन जनता की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।बढ़ती संख्या के बावजूद खनन वाले क्षेत्र में पहाड़ी पर जाने से रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है।न ही पहाड़ी के लिए पहाड़ी पर चढ़ना खतरनाक हो सकता है इस प्रकार का कोई सावधान करने वाला बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।जिसके कारण जनता बेखौफ होकर पहाड़ियों पर सैर सपाटा करने के साथ हवा खाने व समय बिताने के लिए चले जा रहे है।पहाड़ी पर सबसे ज्यादा भीड़ शुक्रवार के दिन रहती है।हैरत की बात तो यह है कि पहाड़ी पर घूमने वालों को रोकने की जिम्मेदारी न ही मनपा प्रशासन उठाना चाह रही है और न ही पुलिस इस मामले में हस्तक्षेप कर रही है। दोनों ही महाकमों का कहना है कि इसकी सुरक्षा का जिम्मा वन विभाग व तसिलदार की है। इस संदर्भ में बात करने के लिए तहसीलदार अधिक पाटील से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने मोबाइल कॉल उठाने की जहमत नहीं उठाया।सुरक्षा के अभाव के कारण आने वाले समय में पहाड़ियों पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# तेज रफ्तार टेम्पो की टक्कर से महिला की मौत, चालक गिरफ्तार




मुस्तकीम खान

**भिवंडी :** भिवंडी नासिक-ठाणे हाइवे पर पिंपलास फाटा के पास दोपहिया वाहन से जा रहे एक दंपति को तेज रफ्तार टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे पीछे बैठी महिला की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा पति इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है । पुलिस ने टेम्पो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से वडवली इलाके में मातम फैल गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 16 नवंबर को सुबह लगभग 11:30 बजे नासिक-ठाणे हाईवे पर पिंपलास फाटा के पास मृतक शोभा पुंडलिक पाटिल 55 और उसका पति पुंडलिक नारायण पाटिल दोनो दंपति आपने दोपहिया वाहन से एक शोक सभा में शामिल होने के लिए जा रहे थे , इसी दौरान हाईवे पर एक तेज रफ्तार टेम्पो जिसका नंबर एमएच 04 एफयू 5164 को चालक मोहम्मद इकबाल अंसारी 35, उत्तर प्रदेश, यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए बड़ी तेज गति से टेम्पो चला रहा था, जिस कारण उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड गया और हाईवे के ५पिंपलास फाटा के पास पाटील दंपति की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे इस वाहन दुर्घटनाग्रस्त में शोभा पुंडलिक पाटिल की मौत हो गई और उसके पति पुंडलिक पाटील गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना की सूचना मिलते ही कोनगांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया । टेम्पो चालक शान अंसारी के खिलाफ अजय पंढरीनाथ पाटिल की शिकायत पर कोनगांव पुलिस स्टेशन में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन की विधानसभा सीट जुबली हिल के प्रभारी बनाए गए महाराष्ट्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता इकबाल अहमद



मुस्तकीम खान

**भिवंडी :** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सिकंदराबाद लोक सभा की जुबली हिल विधानसभा से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद व पूर्व सांसद मोहम्मद अजहरुद्दीन पहली बार विधायक बनने के लिए किस्मत आजमा रहे हैं। अजहरुद्दीन की विधानसभा सीट पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से तेलंगाना के प्रभारी फरहान आजमी ने महाराष्ट्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता इकबाल अहमद को प्रभारी बनाकर भेजा है ।कांग्रेस नेता इकबाल अहमद इससे पूर्व कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रभारी की सफल जिम्मेदारी निभा चुके हैं । आज भिवंडी में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नेताओं ने इकबाल अहमद का प्रभारी बनने पर स्वागत सत्कार कर उनको बधाई दिए । इस मौके पर इकबाल अहमद ने कहा कि तेलांगना प्रदेश कांग्रेस पार्टी जिस तरीके से प्रदेश अध्यक्ष रेवंथ रेड्डी के नेतृत्व में काम कर रही है बीआरएस की भरष्टाचारी सरकार को हरा कर तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बननी तय है । इकबाल ने तेलंगाना की रिजनल पार्टी एमआईएम कटाक्ष करते हुए कहा कि एमआईएम के नेता हमेशा मुस्लिम लीडरशिप की बात करते हैं पर उनकी कथनी और करनी में फर्क है । मालूम हो कि अजहरुद्दीन के खिलाफ एमआईएम ने पहली बार अपना एक मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारा है । इस सत्कार कार्यक्रम में भिवंडी नगर पालिका के पूर्व नगर अध्यक्ष रऊफ अंसारी ,भिवंडी जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नफीस अंसारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अयाज अंसारी ,भिवंडी पूर्व विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट हुजैफ रऊफ अंसारी, जाकिर मोमिन , एडवोकेट अरबाज शमसाद मोमिन, मुजाहिद शेख ,अनस अंसारी और जब्बार शेख आदि मौजूद रहे ।

# भिवंडी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार का बड़ा फैसला

## समाजवादी पार्टी की लगातार संघर्ष रंग लाई, एक हजार करोड़ का ब्याज माफ

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** महाराष्ट्र राज्य के पावरलूम शहर भिवंडी में एमएसईडीसीएल और टोरेंट पावर की मनमानी से परेशान हजारों बिजली उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी का निरंतर संघर्ष रंग लाया और आखिरकार महाराष्ट्र सरकार ने लगभग 50 हजार स्थायी रूप से डिस्कनेक्ट किए गए मीटर (पीडी मीटर) पर लगभग 1 हजार करोड़ रुपये का ब्याज माफ करने का फैसला किया है और सरकार ने इस संबंध में एक परिपत्र भी जारी किया है ।भिवंडी पूर्व से समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने बताया कि भिवंडी शहर में MSEDCL की तरफ से बिजली आपूर्ति के लिए टोरेंट पावर को नियुक्त किया गया है, लेकिन भिवंडी शहर में टोरेंट पावर कंपनी की मनमानी से बिजली उपभोक्ता परेशान है और कंपनी ने कार्रवाई करते हुए लगभग 50 हजार मीटर को स्थायी रूप से बिजली कट कर दिया था जिसके कारण ये उपभोक्ता अपने घरों में दूसरा मीटर लगाने में असमर्थ थे। विधायक रईस शेख ने बताया कि हमने महाराष्ट्र विधानसभा में टोरेंट पावर द्वारा आम नागरिकों के साथ पावरलूम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए भारी मात्रा में बिजली बिल भेजने के खिलाफ आवाज उठाई थी और MSEDCL के साथ साथ टोरेंट पावर द्वारा चल रही धांधली पर अंकुश लगाने की मांग की थी । उन्होंने कहा कि हमने महाराष्ट्र विधानसभा में सरकार से इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की और कहा कि जिस तरह से सरकार ने मुंब्रा शहर में बकाया बिजली बिल और मूल बिल के संबंध में सुविधाएं प्रदान करते हुए असल बिल पर केवल 10% ब्याज के साथ बिजली बिल भरने का फैसला करके राहत दी गई इसी तरह भिवंडी के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने की लगातार मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए अब सरकार ने भिवंडी के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने का फैसला एक सर्कुलर जारी कर किया है। उन्होंने कहा कि टोरेंट पावर के माध्यम से भिवंडी शहर में लगभग 50 हजार मीटर स्थायी रूप से काट दिए गए थे, जिनका बिजली बिल बकाया लगभग 500 करोड़ रुपये था और ब्याज लगभग 1800 करोड़ रुपये था, जिस पर अब सरकार ने निर्णय लेते हुए करीब 1 हजार करोड़ रुपये का ब्याज माफ कर दिया है,जिससे भिवंडी के हजारों बिजली उपभोक्ता को राहत मिल गई ।



**क्या है सरकार की योजना ?**

एमएसईडीसीएल द्वारा भिवंडी में स्थापित टोरेंट पावर कंपनी द्वारा लगभग 50 हजार मीटर स्थायी रूप से काट दिए गए थे, जिस पर समाजवादी पार्टी की मांग पर महाराष्ट्र सरकार ने ऐसे हजारों मीटर उपभोक्ताओं को राहत देने का फैसला किया है। जो अन्य मीटर नहीं लगा सकते थे। अब ये बिजली उपभोक्ता अपने बिजली बिल की मूल बकाया राशि का 10% भुगतान करके अपने घरों में बिजली मीटर लगा सकते हैं। यह योजना सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को एक वर्ष के लिए उपलब्ध की गई है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी विधायक रईस शेख ने बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

## महाराष्ट्र सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर तैयार करेगी युवाओं के 'रिज्युमे'

**ठाणे :** महाराष्ट्र के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने एक पहल की घोषणा की है, जिसके तहत यह नौकरी पाने के एक लाख आकांक्षियों के 'रिज्युमे' लिखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करेगी। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि इस पहल का विचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दिया था। बयान के अनुसार, ''नौकरी ढूंढ रहे लोगों को अच्छे अवसर मिलने के बावजूद भी, कई बार रिज्युमे की गुणवत्ता के अभाव में पहले ही कदम पर असफलता का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, मंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से युवाओं को डिजिटल रिज्युमे मुहैया करने का फैसला किया है।'' 'रिज्युमे' का उपयोग मुख्य रूप से नौकरी के लिए आवेदन करने में किया जाता है।

## हुमाना पीपल टू पीपल की 645 छात्राओं के लिए 20 कंपनियों ने लगाया रोजगार मेला



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के कमजोर खासकर स्कूलों से ड्रॉप-आउट बच्चों की संख्या वाले इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था हुमाना पीपल टू पीपल ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम की प्रभारी शाइस्ता ने बताया कि हमारी टीम ने सबसे पहले इन क्षेत्रों में ड्रॉप-आउट लड़कियों का सर्वेक्षण किया, जिन्होंने पारिवारिक समस्याओं और आर्थिक तंगी के कारण समय से पहले पढ़ाई छोड़ दी थी और आगे पढ़ना चाहती थीं।इसी तरह यह संस्था महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों में भी काम कर रही है। हमारी संस्था इन सभी विद्यार्थियों और महिलाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद सरकारी, अर्धसरकारी और निजी कंपनियों में रोजगार से जोड़ती है। इस संबंध में 8 नवंबर को ठाणे स्थित तलपल्ली के राज हॉल में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई ठाणे और आसपास के क्षेत्रों की बीस कंपनियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में ईडीपी और एलएसपी प्रशिक्षित छात्रों ने भी भाग लिया और हुमाना के छात्रों ने कंपनियों के प्रतिनिधियों को अपनी तैयार की गई खाद्य और उपभोग्य वस्तुएं भी प्रस्तुत कीं ताकि जरूरतमंदों को ये वस्तुएं प्रदान की जा सकें। इसके अलावा लड़कियों ने बुटीक कैटरर्स , मेकअप के नमूने भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सरकार के स्केल डेवलपमेंट विभाग के ऋण प्रभारी मनीष अल्कोटे ने भी भाग लिया और बताया कि कैसे कोई भी व्यक्ति अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण के लिए आवेदन कर सकता है।इसी तरह युवा पैराविर्टन क्षेत्र में काम करने वाले एक प्रतिनिधि ने भी स्केल डेवलपमेंट के विषय पर दर्शकों से बात की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भिवंडी मनपा की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुशरा सैयद ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनमें आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना का विकास होना चाहिए, रास्ते खुले हैं, बेटियों ने हमारे देश को कई पदक दिलाये हैं और बेटियां हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रही हैं। डॉ. बुशरा सैयद ने कहा कि मैं खुद भी आप लोगों की तरह एक महिला हूं और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी के पद पर कार्यरत हूं, इसलिए यदि आपमें क्षमता, समर्पण और जुनून है तो कोई भी आपका अधिकार छीन नहीं सकता और और आप सभी मेहनती हैं, सफलता निश्चित है साथ ही अच्छे कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए भिवंडी हुमाना टीम की शाइस्ता-आफरीन-मंतशा-प्रियंका-मोहिनी को बधाई दी ।

## संजय निरुपम ने छट पूजा को लेकर जुहू तट प्रशासनिक तैयारियों का लिया जायेजा



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** उत्तर भारतीय सामाज के उत्थान के लिए पूर्व सांसद, मुंबई कांग्रेस अधक्षय संजय निरुपम ने उत्तर भारतियों की हर साल होने वाली छठ पूजा के हिंदूवो के त्यवहर को हर साल की तरह बिहारी फ्रंट संस्था की ओर भव्य तरीके से मुंबई के जुहू तट पर मनाने का संकल्प लिया है ।

जिसको लेकर निरुपम ने न सिर्फ जुहू तट का प्रशासनिक तैयारियों का जायेजा लिया मीडिया से बातचीत करते हुए कहा मुंबई महानगर मे बसे उत्तर भारतीय सामाज के चालिस लाख उत्तर भारतीय सामाज का नेता हूँ। हिंदूवो से बड़े ही भक्ति भाव के साथ छठ मैया की पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या मे मौजूद रहने की अपील किया है ।गौरतलब हो की हाल ही मे छत्तीस गढ़ ले संपन्न हुए विधान सभा का चुनावों प्रचार करके लौटे है तथा दवा किया है कांग्रेस पार्टी की फिर एक बार से छत्तीसगढ़ मे भारी बहुमत से सरकार बनने का दवा किया है ।

**ओबीसी सामाज को आरक्षण को लेकर लगेगा जमवाडा –**

हाल ही मे उत्तर भारतिय सामाज पर पर होने वाले अत्याचार के विरोध मे हमेशा से आवाज उठाने वाले संजय निरुपम ने कहा की उतरभारतिय सामाज ओबीसी आरक्षण को लेकर पीछे रहे गया है । जिसको लेकर आगामी 21 तरीके को उत्तर पश्चिम मुंबई इलाके गोरेगावों के प्रेम नगर इलाके मे ओबीसी आरक्षण को लेकर एक उत्तर भारतीय सामाज का कार्यक्रम किया जायेगा ।जिसमें उत्तर भारतीय सामाज की हर प्रकार की समस्याओ की चर्चा की जायेगी ।इतना ही नही उत्तर भारतीय सामाज के उत्थान को लेकर विभिन्न प्रस्ताव पास किया जायेगा ।

**मुंबई के फेरिवालो की समस्या सुलझाएंगे –**

निरुपम ने फेरिवालो को लेकर मनपा कि कहर बरसाती नीतियों का कड़े शब्दों मे विरोध किया है । कांग्रेस पार्टी की सरकार मे फेरिवालो के उत्थान के लिए लागू की गई नीति को लागू करवाने का वायेदा किया। उसी के साथ मुंबई उत्तर भारतीय सामाज के टैक्सी वालों को आरटीओ वाले साडे बारह सौ का चार्ज मरते है, वो बंद करने की मांग किया है ।

## नवी मुंबई के बार में पुलिस की छापेमारी, अश्लील कृत्य करने के आरोप में 11 महिला वेटर सहित 31 पर केस

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के नेरुल में एक रेस्तरां सह बार में अश्लील कृत्य में लिप्त होने के आरोप में 11 महिला वेटर और गायिका सहित 31 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि इन व्यक्तियों के खिलाफ यह कार्रवाई गुरूवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को बार में छापेमारी के बाद की गई. तुर्भे पुलिस थाने के



वरिष्ठ निरीक्षक रवींद्र दौंडकर ने कहा, 'अभियान के दौरान, महिला गायिका ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और अश्लील इशारे करती पायी गईं. ''उन्होंने बताया कि 11 महिलाओं, तीन पुरुष वेटर, 16 ग्राहकों के अलावा मालिक और प्रबंधक पर भी मामला दर्ज किया गया है.पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है. एक अन्य मामले में छह लोगों ने कथित तौर पर खुद को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का अधिकारी बताया और नवी मुंबई में एक बार और रेस्तरां पर छापा मारा.




# 'मेरे शब्द व्यर्थ नहीं जाने चाहिए', मराठा आरक्षण के लिए एक और खुदकुशी, अब किशोरी ने लगाई फांसी...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जालना में 14 वर्षीय एक लड़की ने कथित रूप से मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आत्महत्या कर ली. पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अधिकारी के मुताबिक, नाबालिग लड़की ने गुरूवार को सोमेश्वर इलाके में अपने घर के एक कमरे में फांसी लगा ली. अधिकारी ने बताया कि नाबालिग का एक पत्र बरामद हुआ है, जिसमें उसने कथित तौर पर लिखा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए और मेरे शब्द व्यर्थ नहीं जाने चाहिए. अधिकारी ने बताया, ''लड़की को एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस को शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी दी गई. '' उन्होंने बताया कि इस घटना के सिलसिले में लिंबगांव थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है.

उन्होंने कहा कि लिंबगांव पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई है और आगे की जांच चल रही है. नांदेड़ शहर के एक 23 वर्षीय व्यक्ति द्वारा जहर खाकर अपनी जान देने के एक सप्ताह के भीतर इस मुद्दे पर यह दूसरा आत्महत्या का मामला है. उसके पास से मिले एक नोट में सरकारी नौकरी की चाहत जाहिर की गई थी. नोट में लिखा था, ''यह मेरे लिए सरकारी नौकरी का सवाल है. 'एक मराठा, लाख मराठा. भाग्यनगर थाना पुलिस ने घटना के संबंध में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की थी. महाराष्ट्र में आरक्षण की मांग कर रहे मराठा समुदाय के सदस्यों द्वारा विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है जिसका नेतृत्व कार्यकर्ता मनोज जारांगे कर रहे हैं. जो अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर चले गए हैं.

# शिंदे वागले स्टेट की छठ पूजा में करेंगे महाआरती...

**मुंबई:** आस्था के पर्व छठ पूजा 2023 की जोरदार तैयारी मुंबई ठाणे एवं उपनगरों में हो रही है। ठाणे के उत्तर भारतीय बहुल इलाके वागले इस्टेट के रायलादेवी तालाब पर राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हांथो छठ मइया की महाआरती की जाएगी।

ठाणे जिला शिवसेना के उत्तरभारतीय संगठक शशि यादव ने बताया कि लोकआस्था के पर्व छठ पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के



नाम पर ज्यादातर नाच गाना होता है, इससे समाज में गलत संदेश जाता है, इसलिए पहली बार छठ मैया की महाआरती की जाएगी। इसके साथ रायलादेवी के तट पर गंगा और नर्मदा आरती भी होगी।

इस भव्य महाआरती के लिए वाराणसी एवं एमपी से आरती के लिए लोगों को बुलाया गया है। रविवार को शाम 5 बजे होने वाली इस महाआरती में स्वयं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अन्य लोग शामिल होंगे। ठाणे जिला शिवसेना के उत्तर भारतीय संगठक शशि यादव, शहर संगठक विजय पांडेय के मार्गदर्शन में पहली बार हो रही छठ मइया महाआरती की तैयारी हो रही है।

# मुंबई के बांद्रा इलाके में गैस सिलेंडर विस्फोट, पांच लोग घायल...

**बांद्रा :** मुंबई में एलपीजी गैस सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल हो गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, यह हादसा मुंबई के बांद्रा इलाके में हुआ।

एलपीजी गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। इसकी चपेट में आने से पांच लोग घायल हो गए। बीएमसी के अनुसार, बांद्रा



इलाके में आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पाया। बीएमसी ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आग लगने से पांच लोग झुलस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी है।

# कोकन मंडल के 5311 घरों के लिए आए 31 हजार से अधिक आवेदन




**मुंबई :** म्हाडा कोंकण मंडल के 5311 घरों के आवंटन को लेकर आवेदन करने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है । आवेदन करने के आखिरी दिन तक कुल 31 हजार 433 अभ्यर्थियों ने आवेदन भरे है। घरों की आस लगाए बैठे आवेदकों ने अपने आवेदन के साथ 24 हजार 755 लोगो ने अनामत रकम सहित आवेदन किया है। पात्र आवेदनों की अंतिम सूची अब 11 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी जिसके बाद 13 दिसंबर को लॉटरी निकाल कर लोगो को आशियाना उपलब्ध कराया जाएगा। कोंकण मंडल के 5311 मकानों के लिए आवेदन करने की शुरूआत 15 सितंबर से हुई और पहले 7 नवंबर को लॉटरी निकाली जाने वाली थी। आवेदन-स्वीकृति की अवधि 18 अक्टूबर को समाप्त होनी थी।

# निर्माण कार्य पूरा हुए बिना ही उद्धव ठाकरे के बेटे ने किया पुल का उद्घाटन, आदित्य समेत कई पर केस दर्ज




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में राज्य सरकार और विपक्ष के बीच गहमा-गहमी बढ़ती ही जा रही है। इस बीच उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे पर निर्माण से पहले ही एक प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। बताया गया है कि इस केस में उद्धव शिवसेना के कुछ और नेताओं पर भी मामला दायर किया गया है। मुंबई के एनएम जोशी पुलिस स्टेशन में आदित्य के साथ-साथ उद्धव शिवसेना के नेता सुनील शिंदे और सचिन अहीर पर भी मामला दायर किया गया है। इन पर आईपीसी की धारा 143, 149, 326 और 447 के तहत केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि इन लोगों ने बिना अनुमति के ही लोअर परेल में स्थित डेलिस्ले ब्रिज का उद्घाटन कर दिया।

# हमारी सरकार आई तो गुनहगारों को भेजेंगे जेल... यह सरकार अवैध, एफआईआर पर गुस्से में आदित्य ठाकरे

**महाराष्ट्र :** शिवसेना ठाकरे समूह के नेता और विधायक आदित्य ठाकरे पर शुक्रवार आधी रात को मुंबई के एनएम जोशी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराया गया है. अवैध भीड़ इकट्ठा कर पुल का उद्घाटन करने के मामले में आदित्य ठाकरे और ठाकरे समूह के पदाधिकारियों के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है. शनिवार को आदित्य ठाकरे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिंदे सरकार पर हमला बोलते हुए



कहा कि सीएम का पास समय नहीं है, लेकिन वह जनता के लिए काम करते रहेंगे और जब उनकी सरकार बनेगी, तो सभी गुनहगारों को जेल भेजेंगे. उन्होंने कहा कि यह सरकार अवैध है. उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि यह सरकार स्वयं अवैध है. तो वह कैसे किसी को अवैध घोषित कर रहे हैं? उनके ट्वीट के बाद मेट्रो को जनता के लिए खोल दिया गया. यह उनका निर्वाचन क्षेत्र है. वह सिर्फ इतना कहा कि जो सीएम अवैध है और अनैतिक है. उन्होंने कहा कि उनके पास जनता के लिए और राज्य के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन के लिए समय नहीं है. इसलिए, इसे जनता के लिए खोल देना चाहिए. अगर वे उनके खिलाफ मामला दर्ज कर रहे हैं तो वह इसके लिए तैयार हैं. वह जनता के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे.

उन्होंने कहा कि राज्यपाल को लिखे पत्र का सार बस इतना है कि आप मुख्यमंत्री को समझाएं कि उनके कुछ ही दिन बाकी है, वो राज्य सरकार को समझाएं कि राज्य पर ध्यान दें.

## जनता के लिए करते रहेंगे काम- ठाकरे ने किया दावा

बता दें कि शुक्रवार की रात आदित्य ठाकरे ने पुल का उद्घाटन किया था. इसके चलते आदित्य ठाकरे के साथ-साथ शिवसेना पदाधिकारी सुनील शिंदे और सचिन अहीर पर भी केस दर्ज किया गया है. उन्होंने कहा कि कल रात हमारे और हमारे साथियों पर मामला दायर किया गया है. लोवर परेल में डीलाई रोड का काम 10 दिन से पूरा हो चुका है, लेकिन उसे शुरू नहीं किया गया है. वीआईपी को समय नहीं मिला, इसलिए बीएमसी ने अब तक इसे चालू नहीं किया. मेरे उपर जिस काम को लेकर जो एफआईआर दाखिल की गई, मेरे दादाजी को उस पर गर्व होता.''

# मुंब्रा के ठाकुर पाड़ा में पैसों के विवाद में खूनी वारदात, युवक अस्पताल में भर्ती




**अफजल शेख**

**मुंब्रा :** मुंब्रा के ठाकुर पाड़ा में कल रात के समय एक खूनी वारदात की घटना सामने आई है जहां चाकू से एक युवक ने दूसरे युवक पर वार किया गंभीर घायल अवस्था मे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है,,जो सूत्रों से जानकारी मिली उसके अनुसार जो घायल है युवक उस्का नाम सलीम सिद्दीकी है और जिसने चाकू से वार किया उनका नाम अरबाज शेख बताया जा रहा है ।

इस घटना की जो वीडियो सामने आई उसमें सफेद कपड़े में सलीम है जिसका पैसा गायब हो गया और वो अरबाज से पैसों के लिए उलझ रहा है अरबाज भी कह रहा मुझे कियूँ बोल रहा है कौन लिया तेरा पैसा तभी सलीम दो से तीन लाफा अरबाज को मारता है और अरबाज गुस्से में आकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर देता जिसमे पीठ और हाथ मे वार हुआ किसी तरह वहां मौजूद लोगों बीच बचाव किया और सलीम को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया इस पूरे मामले को लेकर मुम्ब्रा पुलिस कोई शिकायत दर्ज कराई गई या नही इसकी जानकारी नही मिल पाई है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com